# सौर ऊर्जा संरक्षण की पहल, बिजली की होगी बचत

**शांतिवन।** ब्रह्माकुमारी संस्थान के नए सोलर पॉवर प्लांट का उद्घाटन संस्थान की मुख्य प्रशासिका दादी जानकी ने किया। सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में यह पॉवर प्लांट बहुत ही उपयोगी साबित होगा। इससे जहाँ आबूरोड में बिजली की बचत होगी, वहाँ सौर ऊर्जा का सदुपयोग हो सकेगा।

दादी जानकी ने पॉवर प्लांट का रिबन काटकर और नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इससे बिजली की बचत होगी। आज हम सभी को मिलकर सौर ऊर्जा संरक्षण की दिशा में काम करना होगा। संयुक्त मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी ने कहा कि संस्थान का हमेशा से उद्देश्य



दादी रतनमोहिनी, दादी ईशु तथा ब्र.कु. निर्वैर के साथ दीप प्रज्वलित करते वरिष्ठ ब्र.कु. भाई बहनें।

रहा है आध्यात्मिक ज्ञान के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करना। आज ये नया पॉवर प्लांट शुरू होना गौरव की बात है।

महासचिव ब्र.कु. निर्वैर ने कहा कि संस्था द्वारा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में सौर ऊर्जा पॉवर प्लांट लगाया गया है। इस मौके पर दादी ईशु, संस्थान के यूरोप एवं मिडल ईस्ट के सेवाकेंद्रों की निदेशिका ब्र.कु. जयंती, कार्यकारी सचिव, ब्र.कु. मृत्युंजय, मीडिया निदेशक ब्र.कु. करुणा, शांतिवन के मुख्य अभियंता ब्र.कु. भरत, ज्ञानामृत पत्रिका संपादक ब्र.कु. आत्मप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा शहर में आध्यात्मिक 'हेल्थ वेल्थ हैप्पीनेस मेला' का सफल ओयोजन

**जालोर-राज.।** नवरात्रि के पावन पर्व पर ब्रह्माकुमारीज़ की ओर से 'हेल्थ-वेल्थ-हैप्पीनेस' विषय पर भव्य पाँच दिवसीय आध्यात्मिक मेले का आयोजन किया गया।

श्री श्री 1008 सेवा भारती महाराज मानकेश्वर मठ जालोर को इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमन्त्रित किया गया था। ब्र.कु. ज्योति दुबई, ब्र.कु. भूपाल, ब्र.कु. मंजू,ओडिशा, ब्र.कु. गीता भीनमाल, मोहन पराशर,सेक्रेटरी,डेवलपमेंट कमेटी, सोशल वर्कर सुरेश गांधी और शंकर पादरू, के. एन. भाटी,डायरेक्टर, विद्या भारती स्कूल और प्रकाश छज्जड़,अध्यक्ष,मानव सेवा समिति जालोर आदि ने उद्घाटन समारोह में सक्रिय सहभाग लिया।

सभी सम्मानित महानुभावों की उपस्थिति में परमात्म स्मृति में ब्रह्माकुमारी संस्थान की संचालिका ब्र.कु. रंजू ने विश्व में शांति और सुख की मनोकामना करते हुए दीप प्रज्वलन का कार्य सम्पन्न करवाया। सभी मेहमानों ने विश्व में शांति और प्रसन्नता की लहर फैलाते हुए बेहद गगन में गुब्बारे उड़ायें।

उमंग उत्साह से भरपूर लोगों की भीड़ ने ब्रह्माकुमारीज़ के ज्ञान को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना और समझा। उन्होंने कहा कि गीता ही एक ऐसा शास्त्र है जिसमें भगवानुवाचः कहा गया है। इससे सिद्ध होता है परमात्मा का अस्तित्व और उनका ज्योति स्वरूप। जालोर के ग्रेनाइट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री लाल सिंह, उमा आदि मुख्य वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में सकारात्मक रहने, खुश रहने और कमियों को भस्म कर सच्चा दशहरा मनाने का संदेश दिया। साथ साथ परमात्मा से शक्ति प्राप्त कर नौ दुर्गा का स्वरूप अपने आप में लाने की प्रेरणा दी।




मंचासीन गणमान्य अतिथियों के साथ ब्र.कु. भूपाल, ब्र.कु. रंजू, ब्र.कु. ज्योति तथा ब्र.कु. अरुणा।

## मेले में आकर्षण...

- 30 फीट के भव्य शिवलिंग के साथ आत्मा की आकृति दर्शाता हुआ मॉडल।
- 21 फीट लम्बे कुम्भकरण का सजीव शो।
- नौ दुर्गा चैतन्य झाँकी का सजीव स्वर्गीक शो, जादू के प्रयोग।
- बच्चों के लिए मूल्याधारित खेल, 3डी विडियो शो।
- तनावमुक्त जीवनशैली कार्यक्रम।

**मेले के दौरान विभिन्न पण्डालों में लोगों को शांति, एकाग्रताा आदि अन्य अनेक अनुभूतियां कराई गई और साथ में आत्मा और परमात्मा का ज्ञान दिया गया।**

**परमात्मा को पत्र, समय चक्र, की कहानी, खुशनुमा जीवन, मेमोरी मैनेजमेंट वर्कशॉप, राजयोग शिविर आदि मेले के मुख्य आकर्षण थे जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शहर के हज़ारों लोगों ने मेले का अवलोकन किया तथा आध्यात्मिकता को समझने के लिए उत्साह दिखाया ।**

इस तरह से ये आध्यात्मिक मेला और उसके लिए किया गया प्रयास सही मायने में सफल हुआ।

# सामाजिक बदलाव के लिए सकारात्मक जीवनशैली

## तनाव प्रबंधन कार्यक्रम के बाद कैम्प में शुरू हुआ राजयोग शिविर

**वाराणसी।** पी.ए.सी. के जवानों को ब्रह्माकुमारीज़ के श्रीनगर कॉलोनी, मण्डुवाडीह स्थित शाखा के द्वारा तनाव प्रबन्धन के गुर



पी.ए.सी. के जवानों को तनाव प्रबंधन के गुर बताने के बाद राजयोग शिविर कराते हुए ब्र.कु. सरोज।

बताए गए। सम्बोधित करते हुए ब्र.कु. सरोज ने कहा कि वर्तमान अनिश्चितता एवं नकारात्मक प्रतिस्पर्धापूर्ण समय में मानव हर पल स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। अनेक प्रतिकूल परिस्थितयों एवं चुनौतियों से भरे पारिवारिक, सामाजिक एवं व्यवसायिक माहौल ने मानव मन को अस्थिर बना दिया है। यही तनाव का मूल कारण है। ऐसे समय में स्वयं को संतुलित रख अपने कर्त्तव्य का कुशलता पूर्वक निर्वहन करना एक चुनौति बन जाता है। ऐसे समय में परमात्म प्रदत्त राजयोग को आंतरिक शक्तियों के विकास का एकमात्र सशक्त माध्यम बताते हुए ब्र.कु. सरोज ने इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने की ज़रूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम क्षणिक आवेश एवं उत्तेजना में आकर अपना आंतरिक संतुलन खो देते हैं। ऐसी स्थिति में राजयोग का अभ्यास हमें मानसिक संतुलन प्रदान कर धैर्यतापूर्वक समस्याओं से निजात पाने की क्षमता प्रदान करता है । इसके लिए हमें स्वयं के वास्तविक अस्तित्व एवं परमशक्ति परमात्मा की यथार्थ पहचान से परिचित होना होगा।

अपने जीवन के व्यापक अनुभवों को साझा करते हुए ब्र.कु. ओ. एन.उपाध्याय ने कहा कि परमात्मा शिव से अपने मन, बुद्धि को जोड़कर हम असीम शांति, प्रेम, आनन्द एवं शक्तियों से खुद को भरपूर कर सकते हैं। इन दिव्य गुणों एवं शक्तियों की कमी ही हमें मानसिक रूप से असंतुलित कर देती है। अतः हमें राजयोग को जीवन में शामिल करने की ज़रूरत है।

पी.ए.सी. कमाण्डेंट आई.पी.एस. विनोद कुमार मिश्र ने पी.ए.सी. को ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा दिए जा रहे तनाव प्रबंधन एवं राजयोग शिविर से लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने जवानों के बीच आकर खुशनुमा जीवन के गुर बताने एवं सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर करने के लिए ब्र.कु. बहनों का आभार व्यक्त किया। ब्र.कु. चन्दा ने संस्था के परिचय से अवगत कराते हुए सुरक्षा प्रभाग के माध्यम से देशभर में दी जा रही व्यापक सेवाओं की जानकारी दी।

# 'समाज निर्माण के लिए प्रबुद्ध मीडिया' विषय पर एक दिवसीय मीडिया सेमिनार

**आगरा-उ.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ के मीडिया प्रभाग द्वारा 'बेहतर समाज निर्माण के लिए प्रबुद्ध मीडिया' विषय पर एक दिवसीय मीडिया सेमिनार सह संवाद का आयोजन संस्था के ईदगाह स्थित प्रभु मिलन केन्द्र पर किया गया।

संगोष्ठी का उद्देश्य बताते हुए ब्र.कु. शान्तनु ने कहा कि मीडिया में ही वह ताकत है जो विश्व परिवर्तन का महान कार्य कर सकता है। मुख्य वक्तव्य में प्रो. कमल दीक्षित ने बताया कि जब पत्रकार आध्यात्मिक रूप से सशक्त, मज़बूत और दिव्य गुणों से ओत प्रोत होगा तो समाज भी उसी अनुसार हो जायेगा।

ब्र.कु. सुशांत ने बताया कि पत्रकारिता का काम प्रश्न उठाना है। ऐसे में मीडिया में साहस होना बहुत ज़रूरी है। साहस के लिए आध्यात्मिकता को अपने जीवन में शामिल करना होगा।

विवेक जैन ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान का यह प्रयास निश्चित तौर पर एक सकारात्मक परिवर्तन लायेगा। सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए ब्र.कु. अश्विना ने कहा कि आर्थिक विकास के साथ सामाजिक और बौद्धिक विकास के लिए मीडिया को पहल करनी चाहिए। ब्र.कु. सुनीता ने सभी को आत्मिक शक्ति के लिए मेडिटेशन का अभ्यास कराया।

आशीर्वचन में ब्र.कु. शीला ने कहा कि मेडिटेशन को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें जिससे आपमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा तथा मानसिक शांति प्राप्त होगी। इस संचित शक्ति का उपयोग आप एक बेहतर समाज के निर्माण में कर सकते हैं।

कार्यक्रम में नृत्य ज्योति कथक केन्द्र के बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन ब्र.कु. अमर ने किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में मीडिया से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। ब्र.कु. कोमल, आगरा कॉलेज के पत्रकारिता विभाग के डॉ. महेन्द्र सिंह पत्रकारिता के छात्रों के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार छात्रों को मूल्यनिष्ठ पत्रकारिता का संदेश देने में बहुत ही सफल रहा। कार्यक्रम में न्यूज़



दीप प्रज्वलन के पश्चात् परमात्म स्मृति में मीडिया से जुड़े अतिथियों के साथ ब्र.कु. भाई बहनें।

इंडिया वन टी.वी. के राष्ट्रीय सलाहकार तरुण पाठक,नोएडा, ज़ोनल मीडिया कोऑर्डिनेटर ब्र.कु. सुनीता,दिल्ली, ब्र.कु. पूनम,चण्डीगढ़, ब्रज खण्डेलवाल, डॉ. गिरिजा शंकर शर्मा, राहुल गुप्ता, विवेक पाठक, डॉ. राज शंकर शर्मा, राजीव सक्सेना आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी को राजयोग मेडिटेशन की गहन अनुभूति कराई गई।

# 'मेरा भारत व्यसन मुक्त भारत' अभियान से आयेगी व्यसन मुक्त होने की जागृति

**दिल्ली-द्वारका।** ब्रह्माकुमारीज़ एवं दिल्ली पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में 'मेरा भारत व्यसन मुक्त भारत' अभियान के तहत द्वारका के एक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डी.सी.पी. एंटो अलफोन्स ने कहा कि अभियान के अगले दस दिनों में विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु उन्हें नशीली दवाओं के लत के गम्भीर परिणामों के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह पाया गया है कि जागरुकता से कई लोगों को फायदा हुआ है। मुम्बई से आये डॉ. सचिन परब ने कहा कि यह अभियान दो उद्देश्यों सुरक्षा और उपाय से शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि नशे के परिणामस्वरूप भविष्य में होने वाले दुःखों एवं शारीरिक अस्वस्थता के बारे में ये जागृति दिलाता है। इसके अंतर्गत मरीजों को राजयोग का अभ्यास कराया जाता है और समस्याओं से छुटकारा पाने का परामर्श दिया जाता है। इस अवसर पर अतिरिक्त डी.एच.एस. डॉ अरोड़ा, डॉ. संजीव, ब्र.कु. लक्ष्मी, ब्र.कु. मीरा, डॉ. मुद्गल,ऑन्को सर्जन आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान डॉ. सचिन परब सभी को नशे से मुक्त रहने की प्रतिज्ञा कराते हुए।

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SRO/9623/18-20, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2018-20, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 3rd Nov 2018
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी. प्रिन्ट सोल्यूशन्स प्रेस,जयपुर द्वारा मुद्रित।